रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026

वर्ष 02 | अंक 257 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

माँ करणी सेना के
राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं
सनातन प्रकोष्ठ अध्यक्ष

श्री गोपाल गावंडे जी

को **जन्मदिन** की
ढेरों शुभकामनाएँ





कुं. धर्मेन्द्र सिंह गौतम जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष, माँ करणी सेना



बधाईकर्ता :
माँ करणी सेना परिवार

लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण-केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी अहम, विद्यार्थियों ने जाना अपने वोट का महत्व

पीएम श्री कॉलेज हरदा में 'विकसित भारत युवा संवादः अपना वोट जानें' कार्यक्रम आयोजित

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स

हरदा। युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को पीएम श्री कॉलेज, हरदा में 'मेरा युवा भारत (माय भारत) - विकसित भारत युवा संवादः अपना वोट जानें (नो युअर वोट)' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके, मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा सहित कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, पुलिस अधीक्षक श्री शशांक, माय भारत की जिला युवा अधिकारी सुश्री श्रद्धा मित्तल एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा देश का वर्तमान भी हैं और भविष्य भी। लोकतंत्र की मजबूती जागरूक नागरिकों की भागीदारी से सुनिश्चित होती है और इसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि देश के भविष्य के निर्माण में भागीदारी का सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया और अपने मताधिकार के महत्व को समझें तथा समाज में भी मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मत देश की दिशा और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है इसलिए युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने युवाओं को विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जागरूक, शिक्षित और जिम्मेदार युवा ही देश को प्रगति के नए शिखर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया।



यूथ आइकन मेहरुन्निशा ने पीपीटी के माध्यम से समझाई एसआईआर की प्रक्रिया- कार्यक्रम में जिले की यशस्वी यूथ आइकन मेहरुन्निशा ने एक विस्तृत पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने युवाओं को मतदाता सूची के महत्व, उससे जुड़ी प्रक्रिया तथा अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को 'आपका वोट, आपका अधिकार' का संदेश देते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भूमिका को समझने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक युवा को मतदान संबंधी प्रक्रियाओं की सही जानकारी रखनी चाहिए तथा अपने मताधिकार के प्रति सजग और जिम्मेदार रहना चाहिए।

युवाओं और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद पर जोर- 'विकसित भारत युवा संवाद' पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपने चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद करने, अपने विचार रखने तथा लोकतंत्र से जुड़े प्रश्न पूछने का अवसर उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है। इसका उद्देश्य युवाओं में चुनावी प्रक्रिया के प्रति समझ विकसित करना और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास को मजबूत करना है।विकसित भारत के संकल्प से जुड़ेंगे युवा- कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। 'अपना वोट जानें' विषय के अंतर्गत मतदान संबंधी जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। इस पहल में विद्यार्थियों के विचारों और सुझावों को महत्व देने के साथ उन्हें 'माय भारत' के मंच से जोड़ने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। युवाओं को जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनाकर विकसित भारत/2047 के राष्ट्रीय संकल्प में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना इस कार्यक्रम की मूल भावना है।

'विकसित भारत युवा संवाद' युवाओं को लोकतंत्र की शक्ति समझने, अपने मताधिकार के महत्व को पहचानने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में जिम्मेदारी के साथ योगदान देने के लिए प्रेरित करने की महत्वपूर्ण पहल है।

आत्मीयता और अपनत्व के रंगों से सराबोर हुई मुलाकात, सतेन्द्र सिंह तोमर का करैरा में हुआ स्नेहिल स्वागत

रिश्तों की मधुरता, सौहार्दपूर्ण संवाद और पारिवारिक सद्भाव ने भेंट को बनाया यादगार, अपनत्व की खुशबू से महका मिलन का पल

हेमंत भार्गव



शिवपुरी। जीवन की वास्तविक सुंदरता केवल पद, प्रतिष्ठा और वैभव में नहीं, बल्कि उन आत्मीय संबंधों में निहित होती है, जहाँ स्नेह की ऊष्मा, सम्मान की गरिमा और अपनत्व की मधुरता हृदय को स्पर्श कर जाती है।

ऐसे ही आत्मीय भावों से परिपूर्ण एक सुखद अवसर उस समय देखने को मिला, जब मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के छोटे भाई तथा ग्वालियर स्थित होटल ऋतुराज के संचालक आदरणीय श्री सतेन्द्र सिंह तोमर का घर पर आगमन हुआ। इस अवसर पर पारिवारिक स्नेह, मित्रवत आत्मीयता और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुलाकात के दौरान हुए मधुर संवाद, आत्मीय अभिवादन और परस्पर सम्मान ने इस भेंट को विशेष बना दिया। सहजता और सद्भाव से ओतप्रोत इस मिलन ने सामाजिक संबंधों में विश्वास, प्रेम और अपनत्व की महत्ता को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया।

आत्मीय अभिवादन और मधुर संवाद ने बढ़ाई मुलाकात की गरिमा9

इस स्नेहिल अवसर पर चाचा श्री नरेन्द्र सिंह बैश, भाई श्री विकास ठाकुर, भारत न्यूज़ 24 के पत्रकार श्री हेमंत भार्गव, भाई श्री अरविंद्र सिंह रावत एवं छोटे भाई श्री संदीप सिंह रावत सहित अन्य उपस्थितजनों ने श्री सतेन्द्र सिंह तोमर से आत्मीय मुलाकात की। सभी के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस भेंट ने पारिवारिक निकटता और मित्रता के भावों को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान की। यह अवसर किसी औपचारिक मुलाकात तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें रिश्तों की सहजता, परस्पर सम्मान और हृदय से जुड़े संबंधों की मधुर अनुभूति स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

रिश्तों की असली पूंजी है विश्वास, सम्मान और अपनत्व

वर्तमान समय में जहाँ सामाजिक जीवन की व्यस्तता के बीच आत्मीय संवाद के अवसर कम होते जा रहे हैं, वहीं ऐसी मुलाकातें रिश्तों की अहमियत का स्मरण कराती हैं। वास्तव में, मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि उसका पद अथवा प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि वे संबंध हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी विश्वास और स्नेह के साथ उसके साथ खड़े रहते हैं। सतेन्द्र सिंह तोमर के आगमन पर आयोजित यह आत्मीय मिलन भी इसी भावना का प्रतीक रहा। स्नेह, सौहार्द और पारस्परिक सम्मान से परिपूर्ण इस अवसर ने यह संदेश दिया कि रिश्तों की गहराई शब्दों की मोहताज नहीं होती, बल्कि वह व्यवहार की विनम्रता और हृदय के अपनत्व से स्वयं अपनी पहचान बना लेती है। यह मुलाकात पारिवारिक आत्मीयता, मित्रता और सामाजिक सद्भाव की एक सुखद स्मृति बन गई, जिसकी मधुरता लंबे समय तक मन में बनी रहेगी।

अवैध गिट्टी परिवहन करते हाइवा डंपर वाहन किया जब्त पोहरी एसडीएम ने चेकिंग के दौरान वैध दस्तावेज न मिलने पर की कार्रवाई

हेमंत भार्गव

शिवपुरी,/ पोहरी क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एक गिट्टी से भरे हाइवा डंपर को अवैध परिवहन के मामले में जब्त कर लिया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोहरी श्री जेपी गुप्ता द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान यह कार्रवाई की गई। एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन लगातार सतर्क है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

पोहरी क्षेत्र में बीते कई दिनों से अवैध रेत और गिट्टी परिवहन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जिसके तहत गतदिवस एसडीएम पोहरी श्री जेपी गुप्ता ने क्षेत्र में भ्रमण व वाहन चेकिंग की। इसी दौरान शिवपुरी रोड की ओर से आ रहे गिट्टी से भरे डंपर को मचाखुर्द के पास स्थित गोदाम के सामने रोका गया और उसके वैध कागजातों की जांच की गई। मौके पर मौजूद वाहन चालक पूछताछ के दौरान वाहन से संबंधित कोई भी संतोषजनक दस्तावेज या जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच के दौरान वैध कागजात न मिलने पर एसडीएम जेपी गुप्ता द्वारा गिट्टी से भरे हाइवा डंपर को अवैध परिवहन मानते हुए तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया। जब्त वाहन को पोहरी थाना परिसर में सुपुर्दगी के तौर पर रखवाया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई के उपरांत एसडीएम पोहरी श्री जेपी गुप्ता द्वारा



मौके की पूरी स्थिति और बाद में प्रस्तुत की गई ई-टीपी को संलग्न करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन आगामी वैधानिक कार्रवाई हेतु भेजा गया है।

रणजीत टाइम्स



रणजीत टाइम्स के
प्रधान संपादक
आदरणीय भाईसाहब

श्री गोपाल गावंडे जी
को **जन्मदिन** की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं


रेणु कैथवास
कार्यकारी संपादक


आदित्य शर्मा
सह संपादक


अनिल चौधरी
सह संपादक


विकास भारद्वाज
लीगल एडवाइजर


राजेश धाकड़
इंदौर संभाग ब्यूरो चीफ


अक्षत शाक्यवार
एडिटर

बाबा श्री महाकालेश्वर एवं श्री रणजीत सरकार
की कृपा सदेव आप पर बनी रहे !

● बधाईकर्ता : **रणजीत टाइम्स परिवार**

अष्ट लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त करें सहज योग ध्यान से



परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहज योग महालक्ष्मी पथ है ,जो हमें श्री महालक्ष्मी जी के उत्थान मार्ग पर अग्रसर करता है सहज योग में दिवाली मनाना यानि अपना अंतस्थित दीप प्रकाशित करना सहज योग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद हमें तत्क्षण निर्विचार समाधि प्राप्त होती है | सुषुम्ना पथ ही महालक्ष्मी पथ है और यही श्री महालक्ष्मी का अंतर पूजन है | इस प्रकार जब हम श्री महालक्ष्मी की पूजा करते हैं तो वे हमें चहुं ओर से आशीर्वादित कर, आनंद प्रदान करती हैं | लक्ष्मी का अर्थ केवल पैसा नहीं है | परमपूज्य श्री माताजी कहते हैं, जब हम लक्ष्मी के स्वरूप को नहीं जान पाते तो हम गलत रास्ते पर जाते हैं | दिवाली का दिन बहुत शुभ माना जाता है | आपको सिर्फ लक्ष्मी जी को अपने हृदय में , अपने चित्त में , अपने मन मंदिर और मस्तिष्क में बिठाना है | उनके श्री चरण कमलों को अपने हृदय में स्थापित कर, आनंददायी चैतन्य लहरियों का अमृत रसपान करना है | जो हमें हमारे सहस्त्रदल कमल से प्राप्त होता है और संपूर्ण शरीर में फैलकर हमें आत्मानंद, निरानंद और अखंड आनंद प्रदान करता है | ये सौंदर्य लहरियां हमें जब प्राप्त होंगी, तो हम उस श्री महालक्ष्मी का हृदय से,भक्तिभाव से गुणगान करेंगे | आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद हर दिन नियमित का ध्यान करेंगे, तो वे सारी अष्टलक्ष्मी हमें आशीर्वादित करेंगी | प्रथम - आद्य लक्ष्मी, जो समुद्र से अर्थात जलसे उत्पन्न हुई हैं और जो हमें आत्मसाक्षात्कार से अलंकृत करती हैं | द्वितीय विद्यालक्ष्मी - हमें आत्मसाक्षात्कार को कैसे संभालना है ये सिखाती हैं | विद्यालक्ष्मी हमें परमेश्वर के इस ज्ञान का सम्मानपूर्वक उपयोग करने का आशीर्वाद प्रदान करती हैं

तृतीय सौभाग्य लक्ष्मी - ये हमें आत्मज्ञान का सौभाग्य प्रदान करती हैं | सौभाग्य का अर्थ केवल पैसा नहीं, अपितु श्री महालक्ष्मी जी का आशीर्वाद है |

चतुर्थ अमृत लक्ष्मी - ये हमें चैतन्य का अमृत रसपान कराती हैं |आत्मसाक्षात्कार के बाद प्रतिदिन के ध्यान में साधक के सहस्रार चक्र से अमृत रस का झरना बहता रहता है ,जो उसे निरोगी काया और दिव्य शिव सानिध्य प्रदान करता है |

पंचम गृहलक्ष्मी - हमारे घर मे सुख , शांति ,समाधान, घर के प्रत्येक सदस्य के अंतकरण मे स्थिरता और शांतता का आशीर्वाद प्रदान करती है |

षष्ठ राजलक्ष्मी - हमें राजपद प्रदान करती हैं, आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति गरिमामय पद्धति से जीवन यापन करता है | उसकी तबियत एक राजा जैसी बन जाती है|

सप्तम सत्य लक्ष्मी - इनके आशीर्वाद से साधक की चेतना में सत्य प्रस्थापित होता है | अष्टम् योग लक्ष्मी - ये हमें योग प्रदान करती हैं । इसी योग लक्ष्मी के कारण हम सभी का परमशक्ति से योग होता है तथा इस का विस्तार हम अन्यान्य लोगों तक कर पाते हैं | ये सारे लक्ष्मी तत्व हमारे हृदय मे विद्यमान हैं परंतु इसकी अभिव्यक्ति हमारे मस्तिष्क से होनी चाहिये | सहज योग हमे एक विशेष व्यक्तित्व प्रदान करता है।अष्टलक्ष्मी के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आज ही सहजयोग ध्यान का अनुभव प्राप्त करें। सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा बेवसाइट - sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं।

जिला प्रेस क्लब का गठन: भूपेंद्र गौर अध्यक्ष, उमेश चौहान बने सचिव

सलीम हुसैन

पत्रकारों की एकजुटता और अधिकारों की मजबूती के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी का आगाज, बैठक में करीब 50 जिला ब्यूरो पत्रकारों की सहभागिता



झाबुआ। जिले में पत्रकारों की एकजुटता को नई दिशा देने, पत्रकारिता के मूल उद्देश्यों को मजबूती प्रदान करने और पत्रकारों के हितों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से जिला प्रेस क्लब का गठन किया गया। स्थानीय अंबा पैलेस में सुबह 11 बजे आयोजित पत्रकारों की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र गौर को अध्यक्ष और उमेश चौहान को सचिव नियुक्त किया गया। नई जिम्मेदारियों के साथ संगठन ने जिले में पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाया है।

पत्रकारों की एकजुटता पर हुआ मंथन

बैठक में जिला प्रेस क्लब के गठन, संगठन के उद्देश्यों और आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों की एकजुटता, आपसी समन्वय और सहयोग बेहद जरूरी है। एक सशक्त संगठन पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के साथ ही पत्रकारिता की गरिमा, निष्पक्षता और जनसरोकारों को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दौरान अली असगर बोहरा, मनोज अरोरा, मनोज जानी, हरीश यादव और संदीप जैन सहित अन्य पत्रकारों ने अपने विचार रखे। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने संगठन को प्रभावी बनाने और सभी पत्रकारों को साथ लेकर चलने पर जोर दिया।

सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष और सचिव

अध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश सोलंकी ने वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र गौर का नाम प्रस्तावित किया। इस प्रस्ताव का राधेश्याम पटेल, दशरथ सिंह कट्ठा, राजेंद्र सिंह राठौर और आफताब कुरैशी ने समर्थन किया। इसके बाद मुज्जमिल खान ने उपस्थित पत्रकारों से अध्यक्ष पद के लिए अन्य नाम प्रस्तावित करने का आग्रह किया। कोई दूसरा नाम सामने नहीं आने पर उपस्थित पत्रकारों ने हाथ उठाकर भूपेंद्र गौर के नाम पर सर्वसम्मति से सहमति जताई। इसी क्रम में शाबिर मंसुरी ने सचिव पद के लिए उमेश चौहान का नाम प्रस्तावित किया। उपस्थित पत्रकारों ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए उन्हें सर्वसम्मति से सचिव नियुक्त किया। इस तरह जिला प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया संपन्न हुई।

करीब 50 जिला ब्यूरो पत्रकारों ने की सहभागिता

बैठक में झाबुआ, पेटलावद और मेघनगर क्षेत्र के करीब 50 पत्रकार शामिल हुए। नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र गौर और सचिव उमेश चौहान को उपस्थित पत्रकारों ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नया संगठन पत्रकारों के हितों, सम्मान और अधिकारों के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा। साथ ही जिले में स्वस्थ पत्रकारिता, आपसी सहयोग और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की दिशा में भी संगठन काम करेगा।

बैठक में ये पत्रकार रहे उपस्थित

बैठक में राजेंद्र सिंह राठौर, हिमांशु त्रिवेदी, सलीम हुसैन, पीयूष गादिया, भव्य जैन, राज सोलंकी, राधेश्याम पटेल, मुकेश (बाबू) जैन, उमेश चौहान, निकलेश डामोर, यश चौहान, रितिक विश्वकर्मा, महेश राठौर, मनोज अरोरा, हरीश यादव, प्रवीण कुमार सोनी, मनीष शाह, संदीप जैन, आफताब कुरैशी, मयंक बाफना, श्रवण मालवीय, राकेश पोद्दार, रिंकू रूनवाल, शाबिर मंसुरी, अमित शर्मा, पंकज मालवीय, संजय पी. लोढ़ा, अजय भूरिया, अली असगर बोहरा, सुनील डाबी, दशरथ सिंह कट्ठा, भूपेंद्र बरमंडलिया, ओमप्रकाश सोलंकी, मुज्जमिल खान, पुनीत जोशी, अहद खान, संजय बैरागी, मनोज जानी, अमित सिंह जादोन, मुकेश सिसोदिया, प्रकाश पडियार, सुरेशचंद्र परिहार, जीतेश विश्वकर्मा सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

जिला प्रेस क्लब के गठन को जिले में पत्रकारों की एकजुटता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। नई जिम्मेदारियों के साथ संगठन से उम्मीद है कि वह पत्रकारों के हितों और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

ऑपरेशन हेलो के तहत 106 गुम मोबाइल बरामद, कीमत लगभग 17 लाख रुपये

साथ ही वर्ष 2026 में अब तक 95 लाख रुपये मूल्य के 591 गुम मोबाइल बरामद कर आवेदकों को लौटाए

जिले की साइबर टीम एवं समस्त थाना पुलिस के संयुक्त प्रयासों से गुम मोबाइलों की तलाश कर आवेदकों को लौटाए गए मोबाइल। गुजरात एवं राजस्थान सहित विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों से भी ट्रेस किए गए मोबाइल। किसी ने किस्तों पर तो किसी ने मजदूरी की कमाई से खरीदा था मोबाइल, वापस पाकर आवेदकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान। वर्तमान समय में मोबाइल फोन आमजन के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

मोबाइल गुम होने से न केवल लोगों को दैनिक कार्यों में परेशानी होती है, बल्कि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ता है। आमजन की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया एवं उप पुलिस अधीक्षक कमलेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला साइबर टीम द्वारा गुम मोबाइल फोन की तलाश के लिए "ऑपरेशन हेलो" अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। ऑपरेशन हेलो के अंतर्गत जिला साइबर टीम एवं जिले के समस्त थाना पुलिस द्वारा तकनीकी सहायता और सतत प्रयासों के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के कुल 106 गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 17 लाख रुपये है। बरामद मोबाइलों में Apple, Vivo, OPPO, Realme, Samsung, Tecno, Infinix एवं OnePlus सहित विभिन्न कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं। ट्रेस किए गए मोबाइलों में अधिकतम लगभग 65,000 रुपये कीमत का Apple iPhone 15 सीरीज का मोबाइल तथा न्यूनतम लगभग 5,000 रुपये कीमत का OPPO A38 मोबाइल शामिल है।मोबाइलों में Apple के 03, Vivo के 41 तथा OPPO के 32 मोबाइल तथा शेष अन्य कंपनियो के मोबाइल शामिल हैं।



ऑपरेशन गो-वंशम के तहत झाबुआ पुलिस की सख्त कार्रवाई

गोवंश वध के गंभीर प्रकरण में दो आरोपियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA), 1980 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री देवेंद्र पाटीदार के प्रतिवेदन पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा NSA के तहत कार्रवाई थाना मेघनगर क्षेत्र में गोवंश वध के गंभीर प्रकरण में झाबुआ पुलिस द्वारा सख्त वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक, झाबुआ श्री देवेंद्र पाटीदार द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जिला दण्डाधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट द्वारा प्रकरण में संलिप्त दो आरोपियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA), 1980 की धारा 3(2) के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई जिले में गोवंश वध एवं लोक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है। घटना का विवरण दिनांक 23.10.2026 को ग्राम तुमड़िया गुवाली में गोवंश वध की सूचना प्राप्त होने पर चौकी रम्भापुर, थाना मेघनगर में अपराध क्रमांक 248/2026 के अंतर्गत धारा 325 भारतीय न्याय संहिता (BNS), धारा 4, 5 एवं 9 मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 2004 तथा धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

करवा चौथ पर पत्नी ने नहीं रखा व्रत, तो पति पहुंचा थाने! चांद की पूजा न करने पर लगाया बेवफाई का आरोप

गोस्वामी

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले से करवा चौथ के दिन एक अनोखा मामला सामने आया है। बदरवास थाना क्षेत्र में एक पति ने पत्नी के करवा चौथ का व्रत नहीं रखने पर उसके खिलाफ पुलिस थाने में लिखित आवेदन दे दिया। पति ने आरोप लगाया कि पत्नी न तो उसके लिए व्रत रख रही है और न ही उसकी लंबी उम्र की कामना करना चाहती है। मामले की चर्चा इलाके में हो रही है।



पत्नी पर लगाए बेवफाई के आरोप

जानकारी के अनुसार, बदरवास थाना क्षेत्र के बिजरावन गांव निवासी 30 वर्षीय बारेलाल आदिवासी ने अपनी पत्नी मिथलेश आदिवासी के खिलाफ थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी उसके साथ बेवफाई कर रही है और उसने करवा चौथ का व्रत भी नहीं रखा।

बारेलाल का कहना है कि उसने पत्नी से चांद को देखकर उसकी लंबी उम्र के लिए पूजा करने को कहा था, लेकिन पत्नी ने ऐसा नहीं किया। पति ने आरोप लगाया कि पत्नी उसकी लंबी उम्र नहीं चाहती, बल्कि उसे मारना चाहती है। व्रत नहीं रखा तो तलाक देने की कही बात

पति ने अपने आवेदन में यह भी कहा कि यदि पत्नी ने इस बार उसकी पूजा नहीं की, तो वह उसे तलाक दे देगा। इसके बाद उसने पुलिस से मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की।

नशे की हालत में थाने पहुंचा था पति- मामले को लेकर बदरवास थाना प्रभारी नवीन यादव ने बताया कि बारेलाल जब आवेदन लेकर थाने पहुंचा था, तब वह नशे की हालत में था। हालांकि, पुलिस ने उसका आवेदन स्वीकार कर लिया।

मौसम की एक करवट ने बढ़ाई किसानों की धड़कनें !

छुरा विकासखंड में खेतों में बिछी धान की फसल, मेहनत पर मंडराया संकट

तेज हवाओं और बारिश से कटाई के करीब पहुंची फसल प्रभावित, उपज बचाने की जद्दोजहद में जुटे किसान, सर्वेक्षण और राहत की उम्मीद

छुरा। जिस धान की सुनहरी बालियों को देखकर किसान अच्छी पैदावार और घर में खुशहाली के सपने संजो रहे थे, उसी फसल पर मौसम की बेरुखी भारी पड़ती नजर आ रही है। छुरा विकासखंड क्षेत्र में तेज हवाओं और बारिश के बाद पककर तैयार हो रही धान की फसल खेतों में बिछ गई है। सामने आई तस्वीरों में जमीन पर गिरी फसल और खेतों में जमा पानी किसानों की बढ़ती मुश्किलों को बयां कर रहे हैं। कटाई के करीब पहुंच चुकी फसल पर मौसम की मार ने अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा दी है। चक्रवाती तूफान 'अर्नब'



के प्रभाव से मौसम में आए बदलाव के बीच किसानों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती महीनों की मेहनत से तैयार उपज को सुरक्षित घर पहुंचाने की है। खेतों में गिरी धान की कटाई और समेटने में अतिरिक्त समय एवं मजदूरी लग सकती है। वहीं लगातार नमी रहने से दाने झड़ने, गुणवत्ता प्रभावित होने और फसल खराब होने का खतरा भी बढ़ सकता है। खेती की तैयारी से लेकर बीज, खाद, दवाइयों, सिंचाई और मजदूरी तक पूंजी लगाने वाले किसानों को अब संभावित आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है। उनके परिवारों की सालभर की जरूरतें भी काफी हद तक धान की पैदावार से जुड़ी रहती हैं। छुरा विकासखंड में कितने गांव और कितने रकबे में फसल प्रभावित हुई है, इसका आधिकारिक आंकड़ा फिलहाल सामने नहीं आया है। वास्तविक क्षति का पता कृषि एवं राजस्व विभाग के सर्वेक्षण के बाद ही चल सकेगा। प्रभावित किसान खेतों की तस्वीरें और आवश्यक विवरण सुरक्षित रखें तथा कृषि विशेषज्ञों से सलाह लें। अब किसानों को मौसम साफ होने, समयबद्ध सर्वेक्षण और पात्रतानुसार सहायता मिलने की उम्मीद है।

शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है मीडिया- कलेक्टर श्री कुमार

नवागत कलेक्टर ने ली प्रेसवार्ता

महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स

बुरहानपुर। नवागत कलेक्टर श्री विवेक कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में कार्यरत मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए जिले की वर्तमान स्थिति, जनसमस्याओं, विकास की संभावनाओं तथा प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री विवेक कुमार ने कहा कि मीडिया, शासन और जनता के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करता है। मीडिया के माध्यम से ही जनसमस्याएं और आमजन के हित से जुड़े विषय त्वरित रूप से प्रशासन के संज्ञान में आते हैं, जिससे उनके त्वरित निराकरण में मदद मिलती है।

उन्होंने आगे कहा कि जिले में प्रशासनिक स्तर पर हो रहे अच्छे कार्यों, सकारात्मक प्रयासों और विकास की गतिविधियों को भी मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित किया जाना चाहिए। इससे शासन-प्रशासन की जनहितकारी और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सुगमता से आमजन तक पहुंच सकेगी। कलेक्टर श्री कुमार ने मीडिया प्रतिनिधियों से जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन के साथ निरंतर सहयोग एवं बेहतर समन्वय बनाए रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

राष्ट्रीय महासचिव विवेक शर्मा ने छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के लिए केंद्र के समान डी ए की मांग की

राजिम राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी,एवं शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री विवेक शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (DA) में 3 प्रतिशत की वृद्धि कर 60% से 63% किये जाने के निर्णय का कर्मचारी संगठन एवं छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की ओर से स्वागत किया। केंद्र सरकार के इस निर्णय के बाद केंद्र और छत्तीसगढ़ राज्य के महंगाई भत्ते में 5 प्रतिशत का बड़ा अंतर हो गया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों, शिक्षकों एवं पेंशनरों को 58% महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जबकि केंद्र के कर्मचारियों को 63% मिल रहा है।

कर्मचारी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विवेक शर्मा * ने राज्य सरकार से मांग की है कि

1. राज्य सरकार अपने घोषणा-पत्र में किये गये वादे के (केंद्र के समान महगाई भत्ता अनुसार) प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान 63% महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत प्रदान करे।

2. बढ़ती महंगाई को देखते हुए लंबित 5% महंगाई भत्ते की एरियर राशि का भुगतान देय तिथि 01.01.2026 एवं 01.07.2026 से करते हुए दीपावली पर्व से पूर्व कर्मचारियों के खाते में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। श्री शर्मा ने कहा कि दीपावली जैसे बड़े पर्व से पहले डी ए का भुगतान होने से प्रदेश के लाखों कर्मचारी एवं पेंशनर परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा और वे त्योहार खुशी से मना सकेंगे। छत्तीसगढ़ शालेय



शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी से मांग की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ते का लाभ मिलना चाहिए। खाद्य पदार्थों, घरेलू जरूरतों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से कर्मचारियों के मासिक बजट पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में महंगाई भत्ते का अंतर उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है। दीपावली से पहले मुख्यमंत्री से घोषणा करने की मांग कर्मचारी संगठन की ओर से किया गया है मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए दीपावली से पूर्व लंबित एरियर्स सहित भुगतान किया जाय।

संघ का कहना है कि महंगाई भत्ता कर्मचारियों को बढ़ती कीमतों के प्रभाव से राहत देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए राज्य सरकार को इस मामले में शीघ्र निर्णय लेकर कर्मचारियों को राहत प्रदान करनी चाहिए।

कर्मचारियों को सरकार के फैसले का इंतजार है- कर्मचारी संगठन एवं छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने राज्य सरकार से केंद्र और प्रदेश के महंगाई भत्ते के बीच अंतर समाप्त करने की मांग दोहराई है। संगठन का कहना है कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता और महंगाई राहत मिलने से राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को बढ़ती महंगाई के बीच आर्थिक संबल मिलेगा।

दीपावली से पहले विदिशा पुलिस का मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशनः 350 से अधिक पुलिसकर्मियों ने 718 ठिकानों पर की कार्रवाई

धर्मेन्द्र गुप्ता

एक रात में 294 वारंटों का निष्पादन, 195 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश

अवैध शराब के 12 प्रकरण दर्ज, 12 आरोपी गिरफ्तार, 43.88 लीटर शराब जब्त जिले में अपराध नियंत्रण, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई एवं रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश श्री कैलाश मकवाना के आदेशानुसार, पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन श्रीमती रुचिवर्धन मिश्र एवं उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी के नेतृत्व में दिनांक 28-29 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि जिलेभर में



व्यापक मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया।इस दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों के 350 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित 05 एसडीओपी एवं 23 थाना प्रभारी स्वयं मैदान में मौजूद रहकर कार्रवाई की निगरानी करते रहे। अभियान के दौरान वारंटियों की धरपकड़, गुंडा-बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, होटल-ढाबों की चेकिंग और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान लंबित वारंटों की तामील के लिए विशेष कार्रवाई की गई—40 स्थायी वारंट निष्पादित।

107 गिरफ्तारी वारंट पर कार्रवाई। 147 जमानती वारंट तामील।इस प्रकार एक ही रात में कुल 294 वारंटों का निष्पादन किया गया।अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी और संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए—06 जिला बदर व्यक्तियों की जांच। 116 हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी एवं जांच।195 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश।

44 होटल-ढाबों की सघन चेकिंग।

12 डेरों की जांच अभियान के दौरान अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए—12 प्रकरण दर्ज।

12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

43.88 लीटर अवैध शराब जप्त।

जप्त शराब की अनुमानित कीमत 22,560।अपराध नियंत्रण के लिए अभियान जारी रहेंगे विदिशा पुलिस द्वारा अपराधियों, वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध गतिविधियों की रोकथाम और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के सघन एवं आकस्मिक अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे।पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, अवैध गतिविधि अथवा अपराध संबंधी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस एवं आमजन के समन्वय और सहयोग से जिले में सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

चोरी का खुलासाः कोतवाली पुलिस ने 2 आरोपियों को अभिरक्षा में लिया, करीब 14 लाख का मशरूका बरामद

धर्मेन्द्र गुप्ता

थ्रेसर, चेक व्हील, कल्टीवेटर सहित बोलेरो पिकअप जप्त विदिशा जिले की थाना कोतवाली पुलिस ने खुशी एग्रो सेल्स, विदिशा से कृषि उपकरण चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए मल्टीकैप थ्रेसर, चेक व्हील एवं कल्टीवेटर सहित एक बोलेरो पिकअप वाहन जप्त किया है। बरामद एवं जप्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत करीब 14 लाख रुपये है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में की गई। फरियादी अनिल शर्मा, निवासी रामबाग, रामलीला के पास, विदिशा की रिपोर्ट पर खुशी एग्रो सेल्स, ढोलखेड़ी चौराहे के आगे, विदिशा से कृषि उपकरण चोरी होने के संबंध में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 606/2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पूछताछ के दौरान चोरी की घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी गए कृषि उपकरण बरामद किए तथा घटना में प्रयुक्त/संबंधित एक बोलेरो पिकअप वाहन भी जप्त किया। जो बोलेरो पिकअप जप्त की गई वह जिला मैहर से चोरी करना बताया।दीपक शर्मा, पिता अशोक शर्मा, उम्र 27 वर्ष, निवासी बुढ़वा सिरोंज, थाना सिरोंज, जिला विदिशा।जितेंद्र कुशवाहा, पिता कमल सिंह कुशवाहा, उम्र 23 वर्ष, निवासी 89, अहले हदीस मस्जिद के पास, कबाड़खाना, थाना हनुमानगंज, जिला भोपाल।

मल्टीकैप थ्रेसर
चेक व्हील
कल्टीवेटर

एक बोलेरो पिकअप वाहन, अनुमानित कीमत 10 लाख-कुल अनुमानित कीमतः 14 लाख उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, उप निरीक्षक गौरव रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक अरविंद बंसल, प्रधान आरक्षक रोहित रैकवार, आरक्षक अखिलेश राजावत, आरक्षक भूपेंद्र कुर्मी, आरक्षक राघवेंद्र सिकरवार एवं आरक्षक रूपेश मेहता की महत्वपूर्ण रही।

जल संकट की आशंका को लेकर ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट
ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार, पीने के पानी की हो सकती है दिक्कत"
तालाब की नहरें कृषि उपयोग हेतु न खोलने की मांग

महेन्द्र मालवीय-रणजीत टाईम्स

जिले के जनपद पंचायत खकनार अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लोखंडीया ने भीषण जल संकट की आशंका के चलते कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा है।



पंचायत ने मांग की है कि इस वर्ष कम बारिश के कारण क्षेत्र के तालाब पूरी तरह नहीं भर पाए हैं, इसलिए आगामी गर्मियों में पेयजल की किल्लत से बचने के लिए तालाब की सिंचाई नहरों को खोलने की अनुमति न दी जाए।

क्या है पूरा मामला?

ग्राम पंचायत के आवेदन के मुताबिक, वर्ष 1989-90 में जल संसाधन विभाग द्वारा वन ग्राम कलापाठ में सिंचाई के लिए एक तालाब बनवाया गया था। इस तालाब से कलापाठ, लोखंडीया और हसीनाबाद गांवों के किसान लंबे समय से अपने खेतों की सिंचाई करते आ रहे हैं।

पेयजल प्राथमिकताः इस बार मानसून के दौरान कम वर्षा होने के कारण तालाब अपनी पूरी क्षमता तक नहीं भर सका है। आने वाले दिनों में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए संघर्ष न करना पड़े, इसे देखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने संबंधित विभाग को निर्देशित करने का अनुरोध किया है ताकि नहरों में पानी छोड़े जाने पर रोक लगाई जा सके।

कलेक्टर ने करैयाखेड़ा एवं मोहनगिरी के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

धर्मेन्द्र गुप्ता

फार्मसिस्ट का एक दिन का वेतन काटने और अव्यवस्थाओं एक कर्मचारी को नोटिस जारी करने के निर्देश विदिशा। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को विदिशा नगर के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करैयाखेड़ा एवं मोहनगिरी का निरीक्षण कर मरीजों को प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचकर मरीजों से सीधे संवाद किया तथा उपचार, दवा वितरण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। करैयाखेड़ा शहरी प्राथमिक



स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंजीकरण कक्ष, बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), एनसीडी कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, चिकित्सकीय परामर्श कक्ष, पैथोलॉजी, ड्रेसिंग कक्ष, टीकाकरण कक्ष, एएनसी कक्ष एवं कोल्ड चैन कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों के वार्ड में बेड पर बिछी गंदी चादरों को देखकर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्र में उपयोग की जाने वाली सभी चादरें साफ, स्वच्छ एवं नियमित रूप से धुली हुई हों। साथ ही भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं (एएनसी) को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की। जांच के दौरान पाया गया कि कई एएनसी महिलाओं का नियमित फॉलोअप नहीं किया जा रहा था तथा उनकी आभा आईडी भी जनरेट नहीं की गई थी। इस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। दवा वितरण कक्ष के निरीक्षण में दवाइयों का रखरखाव एवं व्यवस्थित संधारण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित फार्मासिस्ट का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

एसपी ने ली बैठकः सुरक्षित और उल्लासपूर्ण मनेगा दीपोत्सवः बुरहानपुर पुलिस ने बाजारों और सराफा प्रतिष्ठानों के लिए बनाई विशेष सुरक्षा रणनीति

महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स

आगामी दीपावली पर्व और अन्य आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक सभागृह में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और समस्त थाना प्रभारियों ने हिस्सा लिया। एसपी ने त्यौहार के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कड़े दिशा-निर्देश दिए।



प्रमुख बाजारों और सराफा प्रतिष्ठानों पर विशेष फोकस

बैठक में निर्देश दिए गए कि दीपावली के मद्देनजर प्रमुख बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों और मुख्य चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। सराफा बाजार और सोने-चांदी की दुकानों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने को कहा गया है। व्यापारियों से संवाद स्थापित कर सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त रोशनी रखने और कीमती आभूषणों के सुरक्षित परिवहन के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, चोरी, जेबकटिंग और चेन स्नेचिंग जैसी वारदातों को रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

सुगम यातायात और पार्किंग प्रबंधन

त्योहार के दौरान बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और यातायात दबाव को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख मार्गों पर यातायात बल तैनात रहेगा। अव्यवस्थित पार्किंग और जाम लगाने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, एम्बुलेंस और दमकल जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए मार्ग पूरी तरह सुगम रखे जाएंगे।

तकनीकी निगरानी और असामाजिक तत्वों पर नकेल

एसपी श्री बागरी ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों और शांति व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक व आपत्तिजनक खबरों की मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि किसी भी तरह की अफवाह न फैले। इसके अलावा, बाजारों और चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में रहे ये अधिकारी मौजूद

इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह कुशवाह, डीएसपी जयराज सोलंकी, रक्षित निरीक्षक नितेश राठौर सहित जिले के समस्त थाना और चौकी प्रभारी, डीसीबी प्रभारी तथा सूचना संकलनकर्ता अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बुरहानपुर पुलिस की आमजन से अपील

बुरहानपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि दीपावली पर्व के दौरान सतर्क रहें, अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

करवा चौथ पर इंदौर ट्रैफिक पुलिस की अनोखी पहल, पत्नियों ने मांगा हेलमेट पहनने का वचन







"जनम-जनम का साथ निभाना है, हेलमेट पहनकर घर सुरक्षित आना है।"

दैनिक रणजीत टाइम्स

इंदौर करवा चौथ के पावन अवसर पर इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने पलासिया चौराहे पर सड़क सुरक्षा को लेकर अनोखा जागरूकता अभियान चलाया। महिला आरक्षक सोनाली सोनी ने संगीत, तख्तियों और चॉकलेट वितरण के माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट पहनने का संदेश दिया। हेलमेट पहनने वाले जागरूक नागरिकों का सम्मान भी किया गया। करीब चार घंटे चले अभियान में महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे करवा चौथ पर पतियों से उपहार के बजाय हमेशा हेलमेट पहनकर सुरक्षित घर लौटने का वचन लेंगी। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस पहल को नागरिकों ने खूब सराहा। "करवा चौथ का सबसे अनमोल उपहार, पति का सुरक्षित घर लौटना है।"

क्रिकेट के मैदान पर उतरे 'महाराज'! पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बल्ले से लगाए शॉट, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी के करैरा में दिखा बागेश्वर धाम सरकार का अलग अंदाज, क्रिकेट खेलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में शिवपुरी। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का एक अलग अंदाज सामने आया है। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा में अपने प्रवास के दौरान वे क्रिकेट के मैदान पर बल्ला थामे नजर आए। मैदान में उनके पहुंचते ही वहां मौजूद लोगों में उत्साह देखने को मिला। क्रिकेट खेलते हुए उनके वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर भी चर्चा हो रही है।

मैदान में बल्ला थामते ही बढ़ा उत्साह

आमतौर पर धार्मिक आयोजनों और कथा प्रवचनों के लिए पहचाने जाने वाले पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का यह अंदाज लोगों के लिए अलग अनुभव रहा। बताया जा रहा है कि करैरा प्रवास के दौरान वे देर रात क्रिकेट खेलने मैदान पर पहुंचे। उनके हाथ में बल्ला देखते ही वहां मौजूद लोगों का उत्साह बढ़ गया। मैदान पर उन्होंने गेंदों का सामना किया और बल्ले से कई शॉट लगाए। इस दौरान मौजूद प्रशंसकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। मैदान में जय श्रीराम के जयकारे भी सुनाई दिए।



क्रिकेट खेलते देख उत्साहित हुए प्रशंसक

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को क्रिकेट खेलते देखकर वहां मौजूद लोगों में खासा उत्साह नजर आया। उनके समर्थकों के लिए यह पल इसलिए भी खास रहा, क्योंकि वे उन्हें आमतौर पर आध्यात्मिक मंच पर कथा करते हुए देखते हैं। मैदान में उनका खेलना लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

क्रिकेट खेलते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। उनके समर्थक इस वीडियो को पसंद कर रहे हैं और उनके इस अलग अंदाज पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। धार्मिक आयोजनों के बीच क्रिकेट के मैदान पर नजर आए 'महाराज' का यह अंदाज अब लोगों का ध्यान खींच रहा है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि और घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी की पुष्टि किया जाना बाकी है।




विजय मेतकर

शिवम प्रजापति

पुनीत सेन

मनोहर पाटीदार

निशांत सिंह परिहार

उर्मिला राजपूत

हेमंत भार्गव

मोहम्मद आसिफ खान


साहिल खान


जितेंद्र जोशी


नवल कुशवाह


खुशबू श्रीवास्तव


अतुल जैन


सनी बौरासी


शुभम कनौजिया


राजकुमार मोदी


प्रसेनजीत चक्रवर्ती


विनोद चौहान


महेंद्र मिश्रा


जितेंद्र पालीवाल


शिवि शुक्ला


लवकुश बैरागी


कालीचरण


जीतू वर्मा


ऋषि गोस्वामी


यशवंत पटेल


शैलेष वर्मा


अनिल पाटीदार


कल्याण वास्केल


प्रदीप सिंह बघेल
ब्यूरो संभाग


सुमेर मल


मोहम्मद आसिफ
रिपोर्टर लखनऊ


महेन्द्र मालवीय
बुरहानपुर


प्रेम जादोन


अभिषेक राजावत


हीरानंद खटवानी


राहुल वीरकर


देव कनारे


हेमराज मालवीय

धर्मेंद्र गुप्ता

दौलत सिंह पड़ोलिया

मयूर देशमुख

अनिल तिवारी

भारत सिलावट

नरेंद्र के यादव

देवराज सोंधिया

राज पर्वते

दीपक वाडेकर

रणजीत टाइम्स के **प्रधान संपादक**

श्री गोपाल गावंडे जी

को **जन्मदिन** की

ढेरों शुभकामनाएँ

● बधाईकर्ता : **समस्त रणजीत टाइम्स परिवार**